रौल नं०......................नाम परीक्षार्थी..........................................................

XI-64 अर्द्धवार्षिक परीक्षा वर्ष 2024–25 A

# व्यवसाय अध्ययन – केवल प्रश्न–पत्र

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 100

नोटः–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न – प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है)

नोट–इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड में चार विकल्प दिये हैं, जिनमें से एक सही है। सही उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. ऐसे व्यापार को क्या कहते है, जिसमें पहले आयात और फिर निर्यात किया जाता है :–
   (अ) आयात व्यापार (ब) निर्यात व्यापार
   (स) पुर्निर्यात व्यापार (द) इनमें से कोई नहीं।
2. संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय के मुखिया को कहते है :–
   (अ) स्वामी (ब) निदेशक
   (स) कर्ता (द) प्रबन्धक।
3. जोखिम वाले व्यवसाय के लिये अत्यन्त उपयुक्त है :–
   (अ) एकाकी व्यापार (ब) साझेदारी
   (स) संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय (द) कम्पनी।
4. बहुराष्ट्रीय कम्पनी का क्षेत्र होता है :–
   (अ) स्थानीय (ब) राष्ट्रीय
   (स) अन्तर्राष्ट्रीय (द) इनमें से कोई नहीं।
5. जो भण्डार गृह शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं को संग्रहित करके रखने के लिये बनाये जाते हैं, कहलाते है :–
   (अ) शीत भण्डार गृह (ब) सार्वजनिक भण्डार गृह
   (स) निजी भण्डार गृह (द) सरकारी भण्डार गृह।
6. भारत में डाक सेवाओं का प्रारम्भ हुआ था :–
   (अ) 1737 ई. में (ब) 1837 ई. में
   (स) 1937 ई. में (द) 1947 ई. में।
7. ई–कामर्स से अभिप्राय है :–
   (अ) इंजीनियरिंग कामर्स (ब) इकोनोमिक्स कॉमर्स
   (स) इलेक्ट्रोनिक कॉमर्स (द) इनमें से कोई नहीं।
8. वातावरण सुरक्षा किसके सर्वोत्तम प्रयत्नों द्वारा की जा सकती है :–
   (अ) व्यवसायिओं द्वारा (ब) सरकार द्वारा
   (स) वैज्ञानिकों द्वारा (द) सभी व्यक्तियों द्वारा।
9. एक सार्वजनिक कम्पनी के निर्माण के लिये कम से कम सदस्यों की संख्या होती है :–
   (अ) 5 (ब) 7
   (स) 12 (द) 21

(पृष्ठ पलटिए)

10. भारत में व्यापार के वैश्वीकरण का प्रभाव हुआ है :-
(अ) उत्पादन के आकार में वृद्धि (ब) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि
(स) प्रत्यक्ष विदेशी विनियोजन में वृद्धि (द) उपरोक्त सभी।

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक, उत्तर सीमा 50 शब्द)**

11. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की दो विशेषताएँ बताइए।
12. क्रेडिट कार्ड किसे कहते हैं? इसका क्या उपयोग है?
13. व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व से आप क्या समझते है?
14. पार्षद अन्तर्नियम किसे कहते है?
15. पुनर्निर्यात व्यापार किसे कहते है?
16. व्यवसाय का अर्थ बताइए।
17. एकाकी व्यवसाय के दो दोष बताइए।
18. अवैध साझेदारी से आप क्या समझते हैं?
19. एक व्यक्ति की कम्पनी की क्या विशेषतायें हैं?
20. बीमा क्या है? इसके दो लाभ लिखिए।

**(लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक, उत्तर सीमा 100 शब्द)**

21. उद्योगों के विभिन्न प्रकार कौन–से है?
22. पेशे का अर्थ और विशेषताएँ लिखिए।
23. साझेदारी फर्म को पंजीकृत कराने के लाभ लिखिए।
24. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की विशेषताएँ लिखिए।
25. ई–बैकिंग क्या है? इसके लाभ बताइए।
26. प्रविवरण से आप क्या समझते है? इसमें किन बातों का उल्लेख होता है?

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 10 अंक, उत्तर सीमा 150 शब्द)**

27. पार्षद सीमा नियम की विषय सामग्री लिखिए।

**अथवा**

कम्पनी की परिभाषा दीजिए और विशेषताएँ बताइए।

28. ऑनलाइन व्यापार में सम्मिलित कदमों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

**अथवा**

बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए।

29. संदेशवाहन के विभिन्न साधनों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**अथवा**

सार्वजनिक, निजी एवं मिश्रित उपक्रम में अंतर बताइए।

30. साझेदारी की परिभाषा दीजिए और इसकी विशेषताएँ बताइए।

**अथवा**

वाणिज्य की परिभाषा दीजिए। इसके मुख्य विभाग क्या है?